# संघ लोक सेवा आयोग
# प्रेस नोट
# <u>सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2019</u>

******

दिनांक 17 मई, 2019

संघ लोक सेवा आयोग दिनांक 02.06.2019 (रविवार) को देशभर में सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2019 आयोजित करेगा।

आयोग की वेबसाइट पर प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों के लिए ई-प्रवेश पत्र अपलोड कर दिए गए हैं तथा वहां से डाउनलोड किए जा सकते हैं। उम्मीदवारों को उन्हें आबंटित परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए अपने ई-प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट प्रस्तुत करना होगा। उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि परीक्षा के प्रत्येक सत्र में भाग लेने के लिए ई- प्रवेश पत्र में उल्लिखित नम्बर का फोटो आई डी कार्ड (मूल) अपने साथ लेकर आएं।

जिन उम्मीदवारों के फोटोग्राफ ई-प्रवेश पत्र में स्पष्ट नहीं हैं/दिखाई नहीं दे रहे हैं अथवा फोटोग्राफ के स्थान पर उसके हस्ताक्षर हैं, उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे दो फोटोग्राफ (प्रत्येक सत्र के लिए एक ) साथ लेकर आएं। परीक्षा स्थल पर परीक्षा कार्मिक के पास उपलब्ध वचनबंध देने के पश्चात, उन्हें परीक्षा में फोटो आई.डी कार्ड के साथ प्रवेश करने दिया जाएगा।

कृपया नोट करें कि परीक्षा स्थल में प्रवेश, परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से 10 मिनट पहले अर्थात् पूर्वाह्न सत्र के लिए 09:20 बजे (परीक्षा 09.30 बजे शुरू होगी) तथा अपराह्न सत्र के लिए अपराह्न 02:20 बजे (परीक्षा 02.30 बजे शुरू होगी) बंद कर दिया जाएगा। प्रवेश बंद होने के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। चूंकि परीक्षा हॉल / कमरों में प्रवेश करने से पूर्व उम्मीदवारों की तलाशी ली जाएगी। अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि तलाशी के लिए वे समय पर परीक्षा स्थल में प्रवेश करें।

उम्मीदवारों को यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि उन्हें उनके ई-प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा स्थल के अलावा किसी अन्य परीक्षा स्थल पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा की निर्धारित तारीख से कम-से-कम एक दिन पहले अपने आवंटित परीक्षा केन्द्र पर जाएँ, ताकि परीक्षा के दिन समय पर आवंटित परीक्षा स्थल पर पहुँचने में किसी भी प्रकार के भ्रम / समस्या से बचा जा सके।

उम्मीदवारों के पास मोबाइल फोन (यहां तक कि स्विच ऑफ मोड में भी), पेजर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा प्रोग्राम किए जाने योग्य डिवाइस अथवा स्टोरेज मीडिया जैसे पेन ड्राइव, स्मार्ट वॉच आदि अथवा कैमरा या ब्लूटूथ उपकरण अथवा कोई अन्य उपकरण अथवा संबंधित एक्सेसरीज चालू अथवा स्विच ऑफ मोड में, जिनका परीक्षा के दौरान संचार उपकरण के रूप में प्रयोग किया जा सकता है, नहीं होने चाहिए अथवा उनको प्रयोग में नहीं लाना चाहिए।

<u>संघ लोक सेवा आयोग</u>

नई दिल्ली-110069 दिनांक 17 मई, 2019